# मुन्ना का दिल मांगे मोर
# अमलाई में रहीम का कबाड़ जब्त
## मुख्यालय में नेताजी के संरक्षण में कट रहे चोरी के वाहन





परिवहन और पुलिस विभाग से बिना एनओसी लिए पुराने वाहनों की काटने का अवैध कारोबार बेखौफ संचालित है, कई वाहन मालिक लाखों का टैक्स बकाया होने के बाद गाड़ियों को कबाड़ के भाव कबाड़ी को बेच देते है। ऐसे में परिवहन विभाग टैक्स वसूली के लिए गाड़ी खोजता रहता और गाडियां स्क्रैप के भाव बिक रही है।

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

संभागीय मुख्यालय के पुराने कबाड़ी रहीम के खिलाफ कोयलांचल के अमलाई पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है, हालाकि रहीम का नाम पुलिस की जुबान और मौखिक तौर पर ही सामने आया, एफआईआर में रहीम की जगह पुलिस ने एक बार फिर निर्दोष वाहन चालक को मुख्य आरोपी बनाते हुए मामले को जांच में लेने के बयान जारी किये हैं। वहीं संभागीय मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी का खुद को नेता बताने वाले मुन्ना नामक तथाकथित कारोबारी ने राजनैतिक संरक्षण में अपना काम बदस्तूर जारी रखा है। बीते वर्षो में भी तथाकथित मुन्ना नामक कारोबारी के यहां छापे के दौरान चोरी के कई वाहन काटकर बेचने का मामला प्रकाश में आया था, बीते दिवस सोहागपुर पुलिस ने एक बार फिर नेताजी को दरकिनार करते हुए मुन्ना की मनमानी पर लगाम लगा दी।

### वाहनों के दर्जनों पार्टस जब्त

सोमवार को सोहागपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वाहन को पकड़ा और उसमें रखे सामान की जांच की गई तो, मानो पुलिस के पैरों तले जमीन खसक गई, जांच के दौरान पुलिस को ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 3200 से ट्रकों के 6 इंजन, 20 कमानी पट्टे, गियर बॉक्स सहित अन्य वाहन के महंगे पाटूर्स जब्त किए हैं, पुलिस ने लगभग 30 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। वाहन को गोरतरा निवासी 56 वर्षीय मुन्ना उर्फ यादवेन्द्र सराफ के पास से पकड़ा गया है। यह कार्रवाई तब की गई, जब पुलिस को सूचना मिली कि गोरतरा के पास एक ट्रक कबाड़ का खेप लेकर आ रहा है। ऐसा नहीं है कि मुन्ना पर पहली बार कार्यवाही हुई हो, बीते वर्षो में मुन्ना के ठीहे पर कार्यवाही हुई थी, लेकिन उसके बाद क्या हुआ, यह अब तक पुलिस के दस्तावेजों में ही दफन है।

### ठीहे पर दबिश की जरूरत

संभागीय मुख्यालय से सटे गोरतरा के पतेरा में मुन्ना के ठीहे पर कबाड़ का बड़ा खेल चल रहा है। परिवहन और पुलिस विभाग से बिना एनओसी लिए पुराने वाहनों की खरीद और बिक्री का अवैध कारोबार बेखौफ संचालित है, कई वाहन मालिक लाखों का टैक्स बकाया होने के बाद गाडिय़ों को कबाड़ के भाव मुन्ना को बेच देते है। ऐसे में परिवहन विभाग टैक्स वसूली के लिए गाड़ी खोजता रहता और गाडिय़ां स्कै्रप के भाव बिक जाती है। इससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। नियम के मुताबिक हर पुराने वाहन को कबाड़ में बेचने से पहले परिवहन विभाग का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराना पड़ता है, सोमवार को पकड़े गये वाहन को दस्तावेज एवं ठीहे पर अगर दबिश देकर वाहनों के दस्तावेज का मिलान किया जाये तो, बड़े कर चोरी का खुलासा हो सकता है।

### नहीं ली गई एनओसी

पुराने वाहनों को कबाड़ में खरीदी-बिक्री से पहले पुलिस विभाग की एनओसी भी जरुरी होती है। कबाड़ में बेचे जा रहे वाहन पर कोई अपराध तो दर्ज नहीं है, इसको लेकर पुलिस एनओसी जारी करती है। कई बार वाहन पर दुर्घटना या अन्य कोई अपराध दर्ज होते है। ऐसे में वाहन को नहीं बेचा जा सकता। मुन्ना कम कीमत पर ऐसे वाहन खरीद कर स्क्रैप बनाकर बेच देता है। मुन्ना के इस अवैध कारोबार पर पुलिस की नजर नहीं पड़ी है। कबाड़ की आड़ में कई चोरी सहित टैक्स बकाया वाले वाहन का अवैध कारोबार बेधडक़ संचालित हो रहा है। रूटीन जांच न होने से अवैध कारोबार बेखौफ संचालित किया जा रहा है।

### यह किया अमलाई पुलिस ने

अमलाई पुलिस ने वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 5468 में लोड नए पुराने लोहे की राड (सरिया) सहित पकड़ा है, उक्त लोहे का वजन 2.5 टन कीमती करीबन 65,000 रूपये कुल मसरूका 5,65,000 रूपये पकड़ा, पुलिस ने आरोपी चालक सतीश सिंह पिता बालकरण सिहं गोड़ उम्र 25 वर्ष निवासी मरवाटोला थाना पाली जिला उमरिया म.प्र. के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस 35 (1-5) बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया। आरोपी वाहन चालाक का कृत्य 07 वर्ष से कम सजा का प्रावधान होने से मुताबिक निर्देश माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आरोपी को गिरफ्तार न करने के दशा में चेक लिस्ट जारी कर आरोपी के पहचान के लिए फोटो तथा आधारकार्ड की छायाकापी प्राप्त किया गया एवं वक्त तलवी पर माननीय न्यायायलय के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### किए गए नवीन खेत तालाब के कार्य



**शहडोल।** जल को बचाएं जीवन को बचाएं, जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत ग्राम साखी,भोगडा में नवीन खेत तालाब के कार्य किए गए।

### पात्र हितग्राहियों को राशि की अंतरित



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली रूप से शहडोल जिले के लाड़ली बहना योजना के तहत 189907 पात्र लाड़ली बहनाओं हेतु 23,03,54,750 रूपये, गैस रिफिल हेतु 33354 हितग्राहियों को 2512010.85 रुपए एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 29267 पात्र हितग्राहियों हेतु 17560200 रूपये की राशि अंतरित की। संभागीय मुख्यालय शहडोल में वीडियों कान्फ्रेंसिग के माध्यम से जिला पंचायत के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी शहरी आनंद अग्रवाल सहित योजनाओं के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित थें।

### भाजपा नेता रविन्दर सिंह की मां का हुआ निधन



**शहडोल।** स्थानीय भाजपा नेता रविन्दर सिंह एवं मनीष सिंह की माता श्रीमती शिवकुमारी देवी का देहांत बीते दिनों हो गया, मंगलवार को बुढ़ार रोड शांति वन में अग्नि संस्कार संपन्न हुआ, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा (डोली) ने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। भाजपा के कई स्थानीय प्रमुख नेताओं ने भी शोक संवेदना प्रकट की।

### ई-केवाईसी को गति प्रदान करने दिए निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कहा कि शासन द्वारा ई-केवाईसी का कार्य 30 जून 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए है। आपने ई-केवाईसी कार्य को प्राथमिकता देते हुए गति प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिला खाद्य आपूर्ति विभाग, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-केवाईसी प्रगति की उचित मूल्य दुकानवार, नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार समीक्षा करें तथा दैनिक रूप से ई-केवाईसी करने के लक्ष्य का निर्धारण कर इसकी पूर्ति कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम करूआ निवासी ज्ञानेंद्र सोनी ने आर्थिक सहायता राशि दिलाने, ग्राम कुबरा निवासी विपिन चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत कुबरा वार्ड नं 16 जनपद पंचायत जयसिंहनगर में बिजली पोल, व कनेक्शन, पेयजल उपलब्ध कराने, सरपंच पिपरिया मुन्नी कोल ने ग्राम पंचायत पिपरिया में विद्युत वोल्टेज की समस्या बतायी।

### वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने हेतु रखे विशेष सावधानियां: सीएमएचओ
## घरों के आसपास पानी का जमाव न हो, रखें साफ-सफाई

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है। शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें।

पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें।



मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें।

उन्होंने कहा कि बरसात में मलेरिया और डेगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें। कूलर, फूलदान, फ्रिज ट्रे आदि को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। कीटनाशक का छिडकाव करवायें, मलेरिया रोग हो जाने पर खून की जांच अवश्य करायें एवं चिकित्सक की सलाह से पूर्ण उपचार लें।

## डीएवी की लिटिल ब्लॉजम्स की हुई शुरूआत





**बुढ़ार।**

डीएवी विद्यालय ने बुढ़ार नगर के बीचो-बीच नन्हे बच्चों के लिए अपनी नई शाखा की शुरूआत की है, बीते दिवस उक्त विद्यालय का विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के उपरांत शुभारंभ की घोषणा की गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक शारदा मंदिर के पास अब कोयलांचल के बच्चे डीएवी की ''लिटिल ब्लॉजम्स'' शाखा में अध्ययन कर पायेंगे। डीएवी बुढ़ार के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा नवीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत और वंदन किया गया।

### मिलेगी समाज को सौगात

''लिटिल ब्लॉजम्स'' के शुभारंभ के दौरान पं. गीता अनुरागी, पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी तथा संरक्षक समिति के अध्यक्ष दौलत मनवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, विद्यालय के बालिकाओं ने टीका लगाकर उनका स्वागत किया, कार्यक्रम की शुरूआत में दीप प्रज्जवल एवं सरस्वती पूजा की गई। नगर परिषद बुढ़ार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र ताम्रकार, अजीत जैन, नमन ताम्रकार एवं श्रीमती भानू बजाज आदि अतिथियों का डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी ने बताया कि अंचल के नौनिहालों को अच्छी शिक्षा मिल सके, इसलिए उन्होंने डीएवी विद्यालय प्रबंधन को बीच शहर में भवन उपलब्ध कराया, निश्चित ही बच्चों और समाज को इससे बड़ी सौगात मिलेगी।

# कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश




**शहडोल।**

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के जयसिंहनगर निवासी अयोध्या प्रसाद पाण्डेय ने आवेदन देकर बताया कि मै 30 सितम्बर 2024 को विद्युत लाइन मैन के पद से सेवा निवृत्त हो चुका हूं। सेवा निवृत्त के पूर्व मेरे समर्पित अवकाश का नगदीकरण भुगतान नही किया गया, शहडोल जिले ग्राम बंधवाबंडा निवासी अमसिया बैगा ने अपने पति बिकई बैगा जेल प्रहरी जिला जेल उमरिया के विरूद्व घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत कार्यवाही कराने, अनूपपुर जिले के ग्राम पड़मनिया तहसील पुष्पराजगढ निवासी सरोज बाई ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## धरबी आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाकर लोगों को किया जा रहा लाभान्वित



**शहडोल।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक शहडोल जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही सिकलसेल रोग और उसके परीक्षण के विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जनपद पंचायत बुढार के बिरौडी एवं धुरवार में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया तथा शिविर में आए लोगों को पात्रतानुसार लाभ दिलाया गया। साथ ही शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। जल, हर-घर बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आगंनबडी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वाराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर पंजीयन, आवेदन तथा स्वीकृति की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही और उन्हें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया।

## बारिश के चलते तापमान में आई गिरावट



**शहडोल।** जिले में मंगलवार को प्री-मानसून ने दस्तक दे दी, दोपहर से रुक-रुककर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अधिक वर्षा होने का अनुमान जताया है। दरअसल प्रदेश में मानसून का प्रवेश हो चुका है। आगामी तीन से चार दिनों के भीतर शहडोल में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। वर्तमान में हो रही बारिश प्री-मानसून की है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेंद्र सिंह के अनुसार बारिश के साथ किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। किसान अरुण तिवारी ने कहा कि बारिश के बाद अब खेतों में तैयारी शुरू कर देंगे। इस बार अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे फसल उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। इससे पहले सोमवार शाम को भी मौसम अचानक बदल गया था, तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई थी। मंगलवार दोपहर से तेज बारिश शुरू हुई, जो करीब एक घंटे तक जारी रही। इसके बाद शाम तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। इससे तापमान में काफी गिरावट आई और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक वर्षा से भूमि कटाव और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जल संसाधन विभाग के प्रमुख इंजीनियर ने कहा कि जहां एक ओर बारिश फसलों के लिए लाभकारी होती है। वहीं, संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। अत्यधिक वर्षा से फसलों को नुकसान और जलभराव की समस्या हो सकती है।

## पुलिस ने पकड़ी 62 लीटर अवैध शराब



**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत 17 जून को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मारुति 800 में दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर ग्राम साखी की ओर जा रहे हैं। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा पकरिया चौराहा में घेराबंदी कर संदिग्ध कार को आता देख रोका गया। पुलिस द्वारा उक्त वाहन की तलाशी में कार से कुल 62.760 लीटर अवैध देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 19500 रूपये है। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त कार भी जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विपिन पटेल एवं रवि पटेल दोनों निवासी ग्राम साखी थाना जैतपुर हैं। दोनों के विरुद्ध थाना बुढार में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### 84 हितग्राहियों के खाते में 1 करोड़ 86 लाख रूपये अंतरित



**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने ग्राम बेलखेड़ा बरगी जिला जबलपुर से प्रदेश के 6821 श्रमिक परिवारो के खाते में 150 करोड़ रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण सिंगल क्लिक से किया। जिले के 84 हितग्राहियों के खाते में 1 करोड़ 86 लाख रूपये अंतरित हुई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर सभागार में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर सहायक श्रमपदाधिकारी आर के गुप्ता, लेबर इंस्पेक्टर यू एस त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### 109629 बहनो के खाते में 13.38 करोड़ रूपये अंतरित



**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने ग्राम बेलखेड़ा बरगी जिला जबलपुर से प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.44 करोड़ रूपये की राषि सिंगल क्लिक से अंतरित की। जिले की 109629 बहनो के खाते में 13.38 करोड राशि अंतरित हुई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर सभागार में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहने उपस्थित रही।

### 20 जून को युवा संगम रोजगार मेला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 20 जून को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है । युवा संगम रोजगार मेले में वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक, एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, रिलाइंस निप्पोन, सहयोग माइक्रो फाइनेंस , प्रथम एजुकेशन जबलपुर तथा मोबाइल पे की कंपनी भाग लेगी ।

### ग्राम पंचायत पाली में शिविर संपन्न



**उमरिया।** आयुष्मान जिला नोडल अधिकारी डॉ एस बी चौधरी ने बताया कि आयुष्मान निरामयम 2.0 अभियान आपके द्वार के तहत ग्राम पंचायत पाली ब्लॉक करकेली जिला उमरिया मे शिविर आयोजित किया गया जिसमे ए एन एम, सी एच ओ, आशा और आशा पर्यवेक्षक द्वारा घर घर जाकर शेष 6 पात्र हितग्राही के आयुष्मान कार्ड बनाया गया । उन्होने बताया कि 16 हितग्राहियो के आधार कार्ड अपडेट ना होने तथा 42 हितग्राहियो के आधार कार्ड बने न होने के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बनया जा सका।

### नदियों व जलाशयों में मछली मारने पर पूर्णतः प्रतिबंधित

**कटनी।** वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनो में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के धारा-3 (2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित करते हुए इस अवधि में छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित कर संज्ञेय दण्डनीय अपराध की श्रेणी में माना जाएगा।

---

## मार्च 2024 में घर-घर पहुंचना था पानी, आज भी सपना बनी योजना

# पानी के लिए तरसे मोदी की ''खाट पंचायत'' के वाशिंदे



### बुढ़ार जनपद के ग्राम पकरिया सहित अन्य ग्रामों का भी यही हाल

**शहडोल।** 15 अगस्त 2019 को देश के 16 करोड़ लोगों तक नल से जल पहुंचाने की केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना औंधे मुंह गिर चुकी है, अकेले शहडोल में इस पर करोड़ों खर्च हुए, कागजी आंकड़ों में भले ही मिशन पूरा हो चुका हो, लेकिन ''मोदी की खाट'' पंचायत वाले पकरिया गांव के वाशिंदो के लिए यह आज भी किसी सपने से कम नहीं है। 01 जुलाई 2023 को जिले के बुढ़ार जनपद अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पकरिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''खाट पंचायत'' लगाई गई थी, इस दौरान आदिवासी भाई-बहनों से देश के मुखिया ने चर्चा की, उनकी समस्याएं भी जानी और जल संरक्षण से यहां के दर्जनों कुओं में भरे गये पानी को देश के लिए उदाहरण बताया, ग्राम पकरिया उस दौरान प्रधानमंत्री की दौरे और उनकी खाट पंचायत को लेकर पूरे देश की सुर्खियों में था, प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए ही इस ग्राम को जल जीवन मिशन योजना से जोड़ा गया था और जल्द ही हर घर में जल पहुंचाकर आदिवासी ग्राम को एक नजीर के रूप में पेश किया जाना था, लेकिन नौकरशाहों की मनमानी और ठेकेदार को उनके द्वारा दी गई छूट ने मोदी के खाट पंचायत वाले ग्राम तथा जल जीवन मिशन के मार्च 2024 तक हर घर में जल पहुंचाने की मंशा को ही दफन कर दिया।



### आधा करोड़ भी न बुझा पाया प्यास

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग शहडोल में बुढ़ार विकास खण्ड के एसडीओ विजय केशरवानी ग्राम पकरिया में जल जीवन मिशन का कार्य समय के भीतर पूरा न होने के संदर्भ में कहते हैं कि कार्य लगभग पूरा हो चुका है, सिर्फ एक सडक़ के नीचे से पाईप लाईन क्रास करनी है, इस वजह से सप्लाई बंद पड़ी है, उनका कहना है कि टंकी बन चुकी है, कुछ घरों में पानी भी जा रहा है। इस मामले में ठेकेदार की कोई गलती नहीं है। जैसे ही मशीन मिलती है, पाईप निकालकर सप्लाई चालू कर दी जायेगी। जल जीवन मिशन ने ग्राम पकरिया के लिए कितनी राशि स्वीकृत की, इस संदर्भ में अनुविभागीय अधिकारी ठीक से नहीं बता पाते, अलबत्ता उन्होंने यह जरूर कहा कि 50 लाख के आस-पास खर्च कर दिया है।

### बरटोला में लगी थी खाट पंचायत

ग्राम पंचायत पकरिया चार भागों में बटी हुई है, जिसमें पकरिया बस्ती के अलावा तीन और टोले हैं, इनमें जल्दीटोला, समदाटोला, बरटोला शामिल है, ग्राम की 90 प्रतिशत आबादी आदिवासी और पिछड़े वर्ग से है, स्थानीय सरपंच की माने तो पकरिया बस्ती में लगभग 50 घर हैं, जहां पानी जा रहा है, बाकी तीन आदिवासी बाहुल्य टोलों में 500 घर हैं, यहां पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। इन तीन में से एक बरटोला है, जहां मोदी ने खाट पंचायत लगाई थी, स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की थी, जिसके बाद यह माना जा रहा था कि जिला और प्रदेश सरकार, विकास खण्ड न सही, इस पंचायत और बरटोला को विकास के रास्तों पर आगे ले जाकर एक नजीर जरूर पेश करेगी, लेकिन हुआ ठीक इसके उलट।

### कुएं सूखे, नल नदारद, टैंकर सहारा

पकरिया के जिन दर्जनों कुओं को बरसात के जल से भरने की बात प्रधानमंत्री ने की थी, आज वे कुएं लगभग सूख चुके हैं, जल जीवन मिशन के पाईप तो, बिछ गये हैं, टंकी भी खड़ी कर दी गई है, लेकिन 31 मार्च 2024 को पूरा होने वाला लक्ष्य जून 2025 तक पूरा नहीं हुआ, इस दौरान भारी गर्मी में स्थानीय प्रबुद्धजनों के द्वारा उपलब्ध कराया गया टैंकर ही ग्रामीणों के सूखे कंठ तर कर पा रहा है। सतना जिले की जिस शिवा इन्फ्रा नामक कंपनी को यह कार्य आवंटित किया गया था, उसने गांव से अपना कैंप और कर्मचारी कार्य पूरा होने से पहले ही वापस बुला लिए। अधूरा जल जीवन मिशन कब प्रधानमंत्री के खाट पंचायत वाले ग्राम की प्यास बुझा पायेगा, यह कहना आज भी मुश्किल है।

---

# कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे जिले के दूर दराज से आए लोगो की समस्याओं को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में कन्हैया कचेर उमरिया ने हनुमान घाट के पास शासकीय भूमि को आंगनबाड़ी में दिए जाने , फूलबाई ग्राम भरौली ने बैट्री चलित वाहन दिलाने, मनोज मिश्रा ग्राम दमोय ने एडीओ व्दारा आपसी रंजिशन रखते हुए राशन पर्ची बंद करने, हरभूषण कोल ग्राम पठारी ने कब्जे व भू स्वामित्व की भूमि पर अवैध कब्जा होने, जाति गत गाली गालौज करने, मारपीट करने, ओम प्रकाश कोल भरौली ने पट्टा कब्जा दखल की आराजी पर बलपूर्वक मारने पीटने के दम पर कब्जा करने, अंजू बाई ग्राम भुंडी ने रसोइया का काम दिलाने, चंद्रोदय सिंह निवासी ग्राम मझगवां ने सीमांकन पर आपत्ति दर्ज किए जाने, सरिता बर्मन ग्राम घंघरी ने पुत्री का आधार कार्ड रिजेक्ट होने, घनश्याम सतनामी उमरिया ने वृद्धाश्रम में की गई चौकीदारी का पैसा दिलाने संबंधी आवेदन किया । जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कंगारू मदर केयर के सहारे जीती जिंदगी की जंग



**उमरिया।** जिला अस्पताल में 6 बच्चे, जिनको अलग अलग समय पर अलग अलग गर्भावस्था में परन्तु एक ही समस्या सांस की तकलीफ, वजन की कमी प्रीमेच्योर्टी की समस्या के साथ जिला अस्पताल में भर्ती हुए और उनका लंबे समय तक उपचार एवं ब्रेस्ट फीडिंग, कंगारू मदर केयर के सहारे मां एवं परिजनों को केएमसी की जानकारी एवं ट्रेनिंग देकर अलग अलग माताओं के शिशुओं बेबी ऑफ शिखा कोल (जुडवा) पति पारस कोल, उम्र 25 दिन निवासी मडवा चंदिया जिनका प्रसव 21 मई , प्रसव स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र , बेबी ऑफ सोनम बैगा पति प्रभुदयाल बैगा, उम्र 14 दिन निवासी ग्राम मझखेता, प्रसव दिनांक 2 जून 2025 स्वास्थ्य केन्द्र मानुपर , प्रसव स्थान सामुदायिक बेबी ऑफ कुंती सिंह गोड़ पति बालेन्द्र सिंह गोड़, उम्र-30 दिन, निवासी ग्राम कुदरी मानपुर, प्रसव दिनांक 16 मई 2025, प्रसव स्थान 108 एम्बुलेंस, बेबी ऑफ पान बाई बैगा पति कमला बैगा उम्र 17 दिन, निवासी कठार, मानपुर जिला उमरिया, प्रसव दिनांक 31 मई 2025, प्रसव स्थान घर पर, रेफर स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर, बेबी ऑफ सोनम कोल पति हरिहर कोल, उम्र 12 दिन, निवासी, जरहा करकेली, प्रसव दिनांक 4 जून 2025 प्रसव स्थान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घुलघुली निवासी बच्चों के ईलाज दौरान बच्चों की माता एवं उनके परिजनों के द्वारा ईलाज के दौरान अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया, जिसमें बच्चों के ईलाज में लंबे समय तक परिजनों साथ में रहे एवं उनके लिए संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन व्यवस्था कराई गई। तत्पश्चात बच्चों का सफलता पूर्वक डिस्चार्ज कार्ड पूर्ण स्वस्थ होने पर सिविल सर्जन डॉ. के.सी. सोनी, द्वारा दिया गया। जिसमें मुख्य योगदान एस.एन.सी.यू. प्रभारी डॉ. एस. के. निपाने, इंचार्ज नर्सिंग आफीसर श्रीमती पुष्पा पटेल, वार्ड में उपस्थित समस्त वार्डब्याय, समस्त वार्ड आया, समस्त सफाई कर्मचारी का इस सफलता में विशेष योगदान रहा और आज इन मासूमों एवं परिजनों के जीवन एवं चेहरे में मुस्कान आई है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण बैठक संपन्न



**उमरिया।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के संबंध में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 में जिले के समस्त ग्राम अव्वल आने का प्रयास करें, सभी पैरामीटर पर खरे उत्तरने के लिए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं सभी संस्थागत स्तर पर स्वच्छता स्थिति को बेहतर बनाये रखने के लिये एवं ग्रामीणों में जनजागरूकता हेतु अपने अधीनस्थ अमले के माध्यम से स्वच्छता गतिविधियों के संबंध में प्रचार-प्रसार करें । सूखे गीले कचरे की पहचान एवं उचित प्रबंधन के साथ-साथ घरेलू एवं संस्थागत स्तर पर शौचालय का उपयोग उसकी साफ सफाई एवं संचालन संधारन को बनाये रखने हेतु सभी विभागों को अहम भूमिका निभाने के निर्देश दिये गये। जिला स्वच्छता समन्वयक मनीषा कांड्रा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत निर्धारित मापदण्डों के आधार पर सभी राज्यों , केन्द्र शासित प्रदेशों एवं जिले की राष्ट्रीय रैंकिग भारत सरकार द्वारा कराई जा रही है। जिसका उदेश्य है स्वच्छता की स्थिति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना जिसके अंतर्गत जिले की 236 ग्राम पंचायतों एवं 578 ग्रामों में से जिले में केंद्रीय दल द्वारा न्यूनतम 20 गांव में रैंडम सर्वेक्षण किया जाएगा। चयनित गाँव के 14 परिवार जिनमें तीन अनुसूचित जाति और तीन अनुसूचित जनजाति के परिवार होंगे। उनके साथ आठ अन्य परिवारों के साथ प्रत्यक्ष अवलोकन दल द्वारा किया जाएगा। सर्वेक्षण ग्रामीण की रैंकिंग 1000 अंकों की होगी, जिनमें विभिन्न घटकों के लिए पृथक-पृथक अंक निर्धारित है, इसमें सिटिजन फीडबैक के लिए 100 अंक सर्विस लेवल प्रगति के 240 अंक प्रत्यक्ष अवलोकन के 540 अंक तथा संयंत्रों के निरीक्षण के 120 अंक निर्धारित है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ,डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

---

# हिट एण्ड रन की तर्ज पर घटना को अंजाम देने वाले व प्रयुक्त वाहन जप्त

### तीन आरोपियों को 24 घन्टे के भीतर किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 15 जून को दरम्यियानी रात में थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत NH-43 शुक्ला ढ़ाबा कोतमा के बाहर बैठकर खाना खा रहे कोतमा नगर के युवकों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विवाद कर जानबूझकर अमन नामदेव नामक युवक को जान से मारने की नियत से सफेद कलर की बिना नम्बर की बोलेरो वाहन से टक्कर मार दिये एवं घीसटकर करीब 30-40 कदम ले गये व गाडी को स्पीड मे भगा ले गये थे। बोलेरो गाडी की टक्कर व घसीटने से अमन नामदेव को पूरे शरीर मे कई जगह चोटे आई थी। उक्त घटना पर 15 जून को थाना



कोतमा में अपराध क्र0 275/25 धारा 296,109 BNS का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना अज्ञात व्यक्तियों की पहचान संदीप साहू पिता पीथल दास साहू निवासी बहरहा थाना गोहपारू जिला शहड़ोल, कुलदीप यादव पिता रामसुमन यादव निवासी ग्राम तगावर थाना ब्यौहारी जिला शहड़ोल हाल वार्ड क्र. 17 शहडोल, शिवम सिंह पिता शिवनाथ सिंह उइके निवासी ग्राम बसनगरी थाना जहसिंहनगर जिला शहड़ोल के रूप में हुए जिनको थाना कोतमा पुलिस द्वारा 24 घण्टो की भीतर पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की बोलेरो वाहन एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया है। उक्त तीनो गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय कोतमा के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं माननीय न्यायालय द्वारा जारी जेल वारंट पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है। उपरोक्त तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी में निरी.रत्नाम्बर शुक्ल थाना प्रभारी कोतमा के नेतृत्व में सउनि सुखीनंद यादव, प्र0आर0 रामखेलावन यादव, विवेक त्रिपाठी, युजिन लकडा, आर0 संजय द्विवेदी एवं अभय त्रिपाठी की अहम भूमिका रही।



### नशा मुक्त भारत रैली का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** रविवार को महिला बाल विकास परियोजना कोतमा अन्तर्गत ग्राम पंचायत निगवानी मे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, सचिव की उपस्थिति में नशा मुक्त संबंधी नारे लेखन प्रदर्शित करते हुए नारे लगाए ग्रामवासियों को नशा के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा से होने वाले नुकसान के संबंध में जागरूकता हेतु प्रयास किया गया।नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गांव मे रैली निकालते हैं तख्ती में नशा से होने वाले दुष्परिणाम संबंधित स्लोगन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। दीवार लेखन के माध्यम से भी नशा से नुकसान होने संबंधी जानकारी का लेखन किया गया। रैली में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक चिंती घोरमारे गुलाब रौतेल, सरपंच पंच अमित तिवारी दिनेश कोल सुशील सोनी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता सोनी, मालती सोनी, आंगनबाड़ी सहायिका संध्या कोल एवं किशोरी बालिकाएं आशा कार्यकर्ता तथा ग्रामीणजन शामिल रहे।

---

## तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आकर डेढ़ साल का मासूम गंभीर रूप से घायल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में नाबालिकों एवं बड़ों के द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाने का सिलसिला जारी है। जिसकी चपेट में आकर डेढ़ साल के मासूम जयू अग्रवाल पिता धीरू वार्ड 6 पुरानी बस्ती गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चलाने वाला आरोपी ने मासूम को कुचलते हुए फरार हो गया। उक्त पूरी वारदात सी सी कैमरे में भी कैद हो गई। मासूम की चीत्कार सुनकर परिजन एवं पड़ोस के लोग पहुंचे। लोगों के पहुंचने के पहले ही चालक भाग गया। मासूम की जांघ की हड्डी टूटने पर उपचार के बाद घर लाया गया। जहां मासूम डरा सहमा है। आबादी क्षेत्र में गाड़ी लगभग 70 किलोमीटर की गति से दौड़ रही थी। वीडियो फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश जारी है। परिजनों के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में भारतीय भाषा शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और एनसीईआरटी द्वारा संविधान में सूचीबद्ध भाषाओं को सीखने के लिए शुरू किए गए अभूतपूर्व कार्यक्रम भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी 10 जून से 16 जून तक आयोजित किया गया। चयनित भाषा थी पंजाबी शिविर में विद्यार्थियों ने अत्यंत ऊर्जा, उत्साह और सीखने की उत्सुकता से प्रतिभाग किया। इस शिविर का संचालन दिवस वार थीम जैसे बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्ति, हस्ताक्षर, सामान्य-वार्तालाप, कला संगीत नृत्य चित्रकला, स्थानीय व्यंजनों के नाम, सशस्त्र बलों, स्वतंत्रता सेनानियों, कलाकारों और



प्रतिष्ठित लोगों आदि स्थानीय नायकों के बारे में जागरूकता, स्थानीय इतिहास और भूगोल का सामान्य ज्ञान आदि पर आधारित रहा। 16 जून को समापन कार्यक्रम में 9वीं की छात्रा श्रीजा परमार द्वारा पंजाबी भाषा मे लिखित और निर्देशित एक लघु नाटिका पर विद्यार्थियों ने एक शानदार नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। जिसका केंद्रीय विषय था अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश में भाषा शिविर के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि एक से अधिक भाषा सीखने से मस्तिष्क के कार्यों, जैसे स्मृति, ध्यान, समस्या-समाधान और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही भारत की भाषाई विविधता और विरासत को संरक्षित करने और उनका पुनरुद्धार करने में मदद भी करेगा।

समापन कार्यक्रम में एस ई सी एल जमुना- कोतमा क्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सात दिवसीय कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक शरदेन्दु प्रियदर्शी, खेल शिक्षक हरिकेश्वर सिंह और खेल प्रशिक्षक सरिता सिंह द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### नदियों व जलाशयों में मछली मारने पर पूर्णतः प्रतिबंधित

**कटनी।** वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनो में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के धारा-3 (2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित करते हुए इस अवधि में छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित कर अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित कर संज्ञेय दण्डनीय अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। इस अधिसूचना के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास अथवा 5 हजार रूपये अथवा दोनो से दंडित किए जाने का प्रावधान है। इस अधिसूचना के माध्यम से जनसाधारण को इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय, विक्रय अथवा मत्स्य परिवहन न करने और न ही इस कार्य में किसी अन्य को सहयोग देंने का आग्रह किया गया है।

### खेत में तालाब बन जाने से बदलेंगे हालात

**कटनी।** जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत गुड़ाकला में जागेश्वर भूमिया के खेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब बन रहा है। इस खेत तालाब का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए जागेश्वर बताते हैं कि मैं गरीब किसान हूँ। पहले खेती के लिए पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहना पड़ता था। जिस वर्ष अच्छी बारिश नहीं होती थी उस वर्ष सिंचाई के अभाव में फसलें सूख जाया करती थी। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से जल क्रय कर सिंचाई करना संभव नहीं हो पाता था। जिससे सारी मेहनत एवं पूँजी व्यर्थ चली जाती थी। पर अब खेत तालाब बनने से सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही मैं इस तालाब में मछली पालन भी कर सकूँगा। जिससे अतिरिक्त आमदनी होगी तथा आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा इस खेत तालाब को खुद सहभागिता कर तैयार करने हेतु काम करने से मुझे मनरेगा योजना के तहत मजदूरी भी प्राप्त हो रही है।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 जून तक जमा होंगे फार्म

**कटनी।** गहोई समाज के आर्थिक सहायता योग्य छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक प्रगति पथ पर ले जाने के उदेष्य से श्री गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा संचालित गहोई छात्रवृत्ति सहायता योजना में छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र 30 जून तक स्थानीय लक्ष्मीनारायण मंदिर समीप ट्रस्ट कार्यालय में आंमत्रित किये गये है जिसमें कक्षा 5वी से विद्यालय,विष्वविद्यालय स्तर तक के स्वजातीय छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकेगे,जिन्हे वार्षिक सहायता स्वीकृत कर छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। जरुरतमंद स्वजातीय विद्यार्थियों को लाभंवित कराने में सहभागिता प्रदान करें।

# नगर परिषद के द्वारा श्रीनारायण सरोवर चौपाटी स्थल पर छायादार शेड एवं रेलिंग का कराया जायेगा त्वरित निर्माण

**श्रीराम जानकी मंदिर के निकट श्रीनारायण सरोवर स्थल पर नगर परिषद बुढार द्वारा चौपाटी लगाने वाले व्यवसायियों को वर्तमान वर्षाकालीन समय को देखते हुये छायादार सेड निर्माण कराया जायेगा**

बुढार।



वहीं उक्त व्यावसायिक स्थल पर व्यवस्थित आवागमन को देखते हुये लोहे के रेलिंग का निर्माण कार्य भी त्वरित कराया जायेगा। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने नगर के मध्य स्थित छिरहा तालाब श्रीनारायण सरोवर स्थल पर हाथ ठेले व फुटकर व्यवसायिक कारोबारियों के हितों का ध्यान रखते हुये चौपाटी की सौगात अर्जित करवायी गई है और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा का ध्यान रखते हुये मंगलवार को चौपाटी स्थल पर नगर परिषद अमले के साथ अवलोकन की और चौपाटी लगाने वाले व्यवसायियों को वर्तमान वर्षाकालीन समय के उत्पन्न समस्या को देखते हुये सेड निर्माण का निर्देश दिये वहीं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा हेतु श्रीनारायण सरोवर स्थल पर लोहे के रेलिंग लगवाये जानें का निर्देश दिये और यह सौगात चौपाटी व्यवसायियों को त्वरित मिल सकेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने नगर परिषद क्षेत्र वार्ड क्र. 9 में नागरिकों तथा चौपाटी व्यवसायियों के आशाओं के अनुरूप अर्जित करवायी है, जिसकी सराहना की जा रही है। श्रीनारायण सरोवर छिरहा तालाब चौपाटी कार्यस्थल के अवलोकन अवसर पर नगर परिषद सी.एम.ओ. सौरभ श्रीवास्तव, पार्षद मो. शाहिद खान (चीनी), संजय द्विवेदी सहित नागरिकों व नगर परिषद अमला की विशिष्ट उपस्थिति रही।

**जैविक कृषि विशेषज्ञ द्वारा दिया जा रहा 13 दिवसीय प्रशिक्षण**

# महिलाओं को श्री विधि से धान उत्पादन एवं मिट्टी के प्रकार का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कलहरा के मोहन टोला में 33 स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था के प्रबंधन पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है श्री विधि जिसे मेडागास्कर विधि भी कहते हैं



उससेधान उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत कम बीज एवं कम पानी तथा कम लागत पर सामान्य से डेढ़ गुना अधिक उपज प्राप्त होती है। प्रति हेक्टेयर 5 किलोग्राम बीज की नर्सरी डालकर 9 से 11 दिन के पौधे नर्सरी से उखाड़ कर खेत की तैयारी कतार से कतार 9 इंच एवं पौधे से पौधे को 9 इंच की दूरी पर एक एक पौधे को एक स्थान में पौधे को उखाड़ने के आधे घंटे के अंदर रोपाई कर देना चाहिए। पौधों की जड़ों में मिट्टी एवं बीज लगा होना चाहिए । गोमूत्र या ट्राइकोडर्मा विर दी को 8 से 10 ग्राम प्रतिकिलो बीज में बीज उपचार करके उत्पादन में 15 से 20% वृद्धि के लिए जैव उर्वरकअजेक्टोबैक्टर तथा फास्फेटिका से उपचार करने का प्रशिक्षण दिया खेत की मिट्टी परीक्षण परिणाम के अनुसार तत्वों के कमी की पूर्ति हेतु जैविक खादोंकी पूर्ति तथा नींदा नियंत्रण हेतु कोनोवींडर से निंदाई गुड़ाई करने की जानकारी दी गई।

मिट्टी के प्रकारों के अंतर्गत दोमट मिट्टी काली मिट्टी लाल मिट्टी लेट राइट मिट्टी पर्वतीय मिट्टी शुष्क एवं मरुस्थलीय मिट्टी लवणीय मिट्टी या क्षारीय मिट्टी तथा जंगली मिट्टी व पर्वतीय मिट्टी की जानकारी दी गई इन मिट्टियों में होने वाली फसलों के विषय में बताया गया।

## तेज बारिश से मौसम हुआ सुहाना, खेती की तैयारियां शुरू



बड़वारा में प्री मानसून की पहली बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। तेज बारिश होने से लोगों को उमस भरी भीषण गर्मी से निजात मिली। बारिश पूर्व नालियों की साफ सफाई नहीं कराये जाने से नालियों से ऊपर से पानी बहने लगा। अधिकांश स्थानों में नालियों का ढकाव नहीं होने से कचरा जमा हो गया जिससे जलभराव की स्थिति बन रही है। नालों एवं नालियों की कर्मचारियों द्वारा द्वारा समय पर नहीं की जाती है। तेज बारिश होने से किसान भी खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारियों में जुट गए हैं। खेतों में जुताई व बुवाई के लिए खाद बीज की व्यवस्था करने में लग गए हैं। इस साल मानसून के समय पर आ जाने से किसानों भी खुश नजर आए। किसानों का कहना है कि अभी खेतों में जुताई के लायक बारिश नहीं हुई है जैसे ही खेत में पानी पर्याप्त मात्रा में भर जाएगा जुताई का कार्य शुरू किया जाएगा।

# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आज अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया है। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंकों के आधार पर किया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्राएं कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर या एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओं में 60-60 सीटों पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत 17 जून तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। जबकि चॉइस फिलिंग 21 जून तक तथा संस्था में रिपोर्टिंग 26 जून से 30 जून तक की जा सकती है। कॉलेज में विभिन्न छात्रवृत्तियों और प्लेसमेंट की सुविधा भी उपलब्ध है।

कॉलेज में सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए वार्षिक शुल्क 7 हजार 870 रूपये एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ट्यूशन फी वेवर के लिए वार्षिक शुल्क 370 रूपये है। साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, डिजिटल लाइब्रेरी एवं आधुनिक प्रयोगशालाएँ एवं उच्च स्तरीय शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं जैसे प्रगति छात्रवृत्ति, सक्षम छात्रवृत्ति, स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना के तहत 50 हजार रूपये जबकि यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 हजार रूपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

एमपी टास योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को 11 हजार रूपये तथा सामान्य वर्ग के संबल कार्डधारी छात्रों को मुख्यमंत्री जन कल्याण शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 7 हजार 500 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

संस्था में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। सत्र 2024-25 में मारुति सुजुकी में 4.75 लाख तथा वॉल्वो-आयशर में 3.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर छात्रों का चयन हुआ है। विशेष रूप से इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल शाखा के 100 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट सुनिश्चित हुआ है। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**समय सीमा की बैठक में लंबित पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश**

# जनसंवाद कार्यक्रम एवं बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले अधिकारी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सीएम डैशबोर्ड, सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रहीं।

बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ गेमावत ने सीएम डैशबोर्ड केपीआई रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कम स्कोर वाले विभागों को स्कोर में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीते शुक्रवार को सम्पन्न हुई संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभागों के उपस्थित न रहने पर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने उद्यानिकी विभाग के परियोजना अधिकारी संत कुमार त्रिपाठी के टीएल बैठक और हाल ही में संपन्न जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित न रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए जल्द जारी होने वाली प्रदेश स्तरीय मासिक रैंकिंग के मद्देनजर डी ग्रेड वाले विभागों जैसे उद्यानिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं माइनिंग विभाग को 3 दिवस के भीतर ज्यादा से ज्यादा शिकायतों का निराकरण कर ग्रेड़गि में सुधार करने के निर्देश दिए। स्वास्थ विभाग में ज्यादातर जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के भुगतान से संबंधित शिकायतें हैं। उन्होंने अन्य विभागों को भी 50 दिवस से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

श्री गेमावत ने समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए ई-केवाईसी कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-केवाईसी के दौरान पाये जाने वाले सभी डुप्लीकेट समग्र को डिलीट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत रीठी एवं जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए समग्र ई-केवाईसी की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

#### बाढ़ आपदा तैयारी की समीक्षा

जिला पंचायत के सीईओ ने बाढ़ आपदा के तैयारियों के समीक्षा के दौरान नगर निगम, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों एवं अन्य विभागों को पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि जर्जर भवनों में कक्षाओं का संचालन न हो।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने 21 जून को योग दिवस के दौरान होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर शिक्षा विभाग, आयुष विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को समन्वय कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अतिथियों को बुलाने हेतु कार्ड छपवाने के भी निर्देश दिए।

## संबल योजना के 246 हितग्राहियों को अंतरित की 5 करोड़ 34 लाख की अनुग्रह राशि

# जिले की 2.43 लाख से अधिक बहनों के खातों में 29.61 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जबलपुर जिले के में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को मिलाकर कटनी जिले के 4 लाख 10 हजार 672 हितग्राहियों के खाते मे 41.96 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की कुल 2 लाख 43 हजार 129 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29 करोड़ 61 लाख 52 हजार 650 रुपये की राशि अंतरित की।

इसी प्रकार जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित सामाजिक न्याय विभाग से संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 1 लाख 6 हजार 563 हितग्राहियों को 6 करोड़ 39 लाख 30 हजार रूपये की पेंशन राशि वितरित की गई है। जबकि संबल योजना के तहत जिले के 246 पंजीकृत श्रमिकों को 5 करोड़ 34 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कटनी जिले के 60 हजार 734 प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 61 लाख 71 हजार 204 रुपये की भी राशि अंतरित की है।

जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 944 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 88 लाख 63 हजार 200 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 852 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 97 लाख 46 हजार 800 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 744 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 59 लाख 71 हजार 900 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 28 हजार 257 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 42 लाख 90 हजार 450 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 26 हजार 116 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 18 लाख 98 हजार 600 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 411 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 32 लाख 68 हजार 350 रूपये अंतरित किये। वहीं नगरनिगम कटनी की 28 हजार 618 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड़ 46 लाख 55 हजार 900 रूपये, नगर परिषद बरही की 2 हजार 331 पात्र महिलाओं के खाते में 28 लाख 51 हजार 350 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 334 पात्र महिलाओं के खाते में 27 लाख 88 हजार 500 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 492 पात्र महिलाओं के खाते में 18 लाख 17 हजार 600 रूपये अंतरित किये गए।

मुख्यमंत्री द्वारा जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के तहत 3 हजार 443 हितग्राहियों को 20 लाख 65 हजार 800 रूपये की राशि की पेंशन सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 46 हजार 978 हितग्राहियों को 2 करोड़ 81 लाख 86 हजार 800 रूपये प्रदान किये गए हैं। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत जिले के 21 हजार 540 हितग्राहियों को 1 करोड़ 29 लाख 24 हजार रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया है। कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 1 हजार 417 हितग्राहियों को 8 लाख 50 हजार 200 रूपये की राशि का वितरण किया गया है।

वहीं दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन स्कीम के तहत 2 हजार 183 हितग्राहियों को 13 लाख 9 हजार 800 रूपये, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना के तहत 54 हितग्राहियों को 32 हजार 400 रूपये, सीएम सोशल सेक्योरिटी कल्याणी स्कीम के अंतर्गत जिले के 18 हजार 777 हितग्राहियों को 1 करोड़ 12 लाख 66 हजार 200 रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया। एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए सहायता योजना के तहत जिले के 1 हजार 193 हितग्राहियों को 7 लाख 15 हजार 800 रुपये, सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के तहत 1852 हितग्राहियों को 11 लाख 11 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा विकलांग पेंशन योजना के तहत 8 हजार 735 हितग्राहियों को 52 लाख 33 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 385 हितग्राहियों को 2 लाख 31 हजार रुपये तथा वृद्धाश्रम में निवासरत 6 हितग्राहियों को 3600 रुपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया।

संबल योजना के अंतर्गत जिले में सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनपद पंचायत कटनी के 30 श्रमिकों को 68 लाख, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के 75 श्रमिकों को 1 करोड़ 64 लाख, जनपद पंचायत बड़वारा के 42 श्रमिकों को 94 लाख, जनपद पंचायत रीठी के 21 श्रमिकों को 42 लाख, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 28 श्रमिकों को 66 लाख, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 22 श्रमिकों को 44 लाख, नगर निगम के 23 श्रमिकों को 46 लाख, नगर परिषद कैमोर के 2 श्रमिको को 4 लाख, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के 3 श्रमिकों 6 लाख की सहायता राशि अंतरित की गई।

### शहर में जलभराव की समस्या से निजात पाने सफाई के प्रयास

**कटनी।** वर्षा काल के दौरान जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों की सफाई उपरांत कचरे के उठाव का कार्य दो पालियो में कराया जा रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेंड क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार में स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। जबकि प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से स्वच्छता दूतों द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख मार्गो सहित रोड, डिवाइडर, तिराहों, चौराहों, मुक्तिधाम परिसर की सफाई की जाकर गार्बेज बैग में सूखे कचरे का उठाव कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। वर्षा के दौरान सुगम पानी की निकासी हेतु शहर के कई बड़े एवं छोटे नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है। ताकि वर्षाकाल ने जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु फागिंग अभियान


**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संचारी बीमारी मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डो में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लोगों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वार्डों में ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया।

# मेडियारास विद्यालय की भूमि पर वक्फ बोर्ड की जमीन का दावा

## बाउंड्रीवाल के काम में लगाई रोक, कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

जिले के शांत माहौल में जहर घोलने की कोशिश की जा रही है। जिला मुख्यालय से लगे जैतहरी विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम मेडियारास स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की वर्षों पुरानी भूमि पर वक्फ बोर्ड ने दावा ठोंकते हुए बाउण्ड्री वाल निर्माण पर रोक लगा दी है। इसके चलते गाँव का माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह सेंगर ने कलेक्टर हर्षल पंचोली को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर को दिये गये पत्र में कहा गया है कि ग्राम मेडियारास की आखनं 839/1, 840, 845/1/2 जो (म०प्र०) के शासन की आराजी है। जिसमें शासकीय उच्च्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। जिसे ग्राम पंचायत सचिव द्वारा वक्फबोर्ड की जमीन बताकर बाउण्ड्री निर्माण का कार्य बंद करा दिया गया है । इस विषय मे उन्होंने शिकायत की है कि ग्राम पंचायत मेड़ियारास की आ०ख०नं० 839/1 रकचा 0.636 हे०, आ०ख०नं० 840 रकबा 0.837 हे०, आ०ख0नं0 845/1/2 रकबा 0.040 हे०, जो म०प्र० शासन की आराजी है जिसमें विगत 50 वर्षों से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निर्मित है एवं संचालित है। जिसमें 15 दिवस पहले बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे वक्फ बोर्ड की भूमि बताकर ग्राम पंचायत सचिव अजय पटेल द्वारा कार्य बंद करा दिया गया है। जबकि विषयांकित आराजी में विद्यालय 50 वर्षों से संचालित है । जिसमें स्वयं ग्राम पंचायत सचिव पढ़ा है और पढ़-लिखकर ग्राम पंचायत सचिव मेडियारास बना है। उसे विद्यालय जमीन की वास्तविकता पता होने के बावजूद एवं शासकीय कर्मचारी होने के बावजूद विद्यालय के छात्र - छात्राओं सुरक्षा और उनके हितों से खिलवाड़ कर रहा है। कलेक्टर से निवेदन किया गया है कि उक्त विषय की जांच कराकर तत्काल बाउण्ड्री निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया जाए। मामले से जुडे सूत्रों के अनुसार स्कूल की जमीन पर वक्फ बोर्ड का दावा करने के पीछे कांग्रेस सेवा दल का एक पदाधिकारी है। जिसके कारण गाँव में विवाद की स्थिति बनने की आशंका है।

## खबर संक्षेप

### बारिश ने फिजा में घोली ठंडक, तेज तपन से मिली राहत



अनूपपुर। सोमवार को अचानक मौसम में बदलाव आया जिसके कारण दोपहर से आसमान में बादल छाए रहे। लगभग 1 घंटे रिमझिम बारिश भी हुई। दोपहर 2 बजे के बाद घने बादल छा गए और तेज गरज के साथ लगभग आधे घंटे तक धूल भरी आंधी चली और उसके बाद लगभग एक घंटे तक लगातार रिमझिम बारिश हुई। जिसके कारण मौसम में ठंडक घुल गई और लोगो को गर्मी से राहत मिली। मौसम में परिवर्तन के कारण एवं आंधी तूफान चलने के साथ ही बारिश हुई जिसके कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा था। लोगों को काफी दिनों से मानसून का इंतजार था जिसके कारण लोगों का गर्मी से हाल बेहाल था। सोमवार को दोपहर बाद धूल भरी आंधी एवं तेज चमक गरज के साथ 1 घंटे तक रिमझिम बारिश होने के कारण लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन शाम को उमस भरी गर्मी से लोग परेशान नजर आए। लोगों को अब यह महसूस होने लगा कि मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है जिससे अब बारिश लगातार होनी शुरू हो जाएगी वहीं किसानों के चेहरे में भी खुशी नजर आने लगी है। किसान आपको इतना नगर में पहुंचकर बीज दुकानों से बीच की खरीददारी करना शुरू कर दिया है, वही सहकारी समिति में पहुंचकर खाद्य की खरीददारी में जुटे हुए हैं। कई किसान तो खेतों की जुताई का कार्य भी शुरू कर दिया है।

### चीरघर बना कबाड़खाना, लगा कचरों का अंबार



अमरकंटक। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मृतक जनों के किए जाने वाले शव विच्छेदन का घर चीरघर पूरी तरह से कबाड़ खाने में तब्दील हो गया है। पोस्टमार्टम किए जाने वाले भवन के अंदर की दशा देखने लायक है वहां पूरी तरह से कचरा जमा हुआ है साफ सफाई नहीं है, आवारा पशुओं ने अपना डेरा जमा लिया है। पवित्र नगरी अमरकंटक के एकमात्र चीर घर में दुर्दशा का आलम है उक्त चीरघर में कैसे मृतक के शव को किन परिस्थितियों में विच्छेदन किया जाता होगा इसका अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं। बने कमरों के अंदर गंदगी का साम्राज्य है अब उक्त भवन कबाड़ खाने की स्थिति में आ गया है ना तो उक्त भवन की साफ सफाई की जाती और ना ही आवश्यक मरम्मत सुधार तथा उक्त भवन का रंग रोगन ही किया जाता है इसके साथ ही उक्त भवन के दरवाजे की हालत बहुत ज्यादा खराब है। आखिर प्रशासन इस दिशा में क्यों ध्यान नहीं दे रहा। आवश्यकता पड़ने पर मृतक के शव को सायंकाल या रात्रि में उक्त चीर घर में रखा जाता है चीरघर तक पहुंचने वाला रास्ता भी बेहद खराब हालत में है क्या जिला प्रशासन या स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक इस ओर ध्यान देकर आवश्यक कार्यवाही कर चीरघर का सुधार मरम्मत तथा साफ सफाई आदि करने की जहमत उठयेगा। या फिर उसे इस हाल में रहने देगा स्थानीय जनप्रतिनिधि चीर घर का कायाकल्प करने हेतु प्रयास करेंगे।

### पवित्र नगरी अमरकंटक में पीलिया का प्रकोप

अमरकंटक। नगर के कई घरों में पीलिया जैसे बीमारी के मरीज हैं जिनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार पीलिया बीमारी का उपचार अपने स्तर पर संबंधित मरीज के परिजन आयुर्वेदिक एवं झाड़ फूंक से कर एवं करवा रहे है। मरीज के परिजन आसपास के चिकित्सालयों में जाकर उपचार करा रहे कई लोगों ने कहा कि अमरकंटक में इस समय कई घरों में पीलिया के मरीज हैं। विगत दिनों में अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 4 काठजू ग्राम के स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद पनारिया के युवा पुत्र का इसी बीमारी के चलते निधन हो गया उसे उपचार के लिए बिलासपुर ले जाया गया था लेकिन उसने उक्त बीमारी से हार मान ली और उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसी तरह पवित्र नगरी अमरकंटक के कई घरों में पीलिया बीमारी के मरीज हैं जो उपचाररत हैं। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक के चिकित्सक डॉ आर पी सारीवान ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी पीलिया मरीज का व्यक्ति उपचार के लिए नहीं आया है हो सकता है कि कहीं अन्यत्र बाहर जाकर उपचार कर रहा हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक दवाएं सुविधा उपलब्ध है।

# पैसों के कारण पति ने डंडे से पीट-पीटकर पत्नी की ले ली जान

**पैसे के कारण बढा विवाद, आरोपी पति गिरफ्तार**

**मामला अमरकंटक थाना अंतर्गत ग्राम जमुना दादर का**

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर निवासी दुर्गेश बैगा ने 15 जून की शाम 4 बजे पैसों के विवाद के चलते पत्नी इंद्रावती बैगा की डंडे से जमकर पिटाई करने पर पत्नी की मौत हो गई। वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर अमरकंटक निवासी जय लाल बैगा पिता सेम लाल बैगा उम्र 34 वर्ष में सुबह 8 बजे थाना अमरकंटक में आकर रिपोर्ट किया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं कल 15 जून करीब 4 बजे शाम को मैं संतोषी बाई राय सिंह तथा दुर्गेश बैगा सभी लोग दुर्गेश बैगा के घर के बाहर बिही के पेड़ के नीचे बैठे थे उसी समय दुर्गेश की पत्नी इंद्रावती बैगा वहां पर आई जो शराब पिए हुए थी। दुर्गेश बेगा ने अपनी पत्नी इंद्रावती से पूछा कि जो मजदूरी का पैसा 1800 रुपए मैंने तुमको रखवाया था वह कहां रखी हो लाकर दो तो मैं बाजार से सब्जी एवं किराना का सामान सामान लेकर आऊं तब वह बोली की पैसा कहीं गिर गया है। खोजने में नहीं मिला उसी बात से नाराज होकर दुर्गेश बैगा अपनी पत्नी इंद्रावती को अपने पास में रखे बांस के डंडे से उसके सिर में दो डंडा लगातार मारा जिससे इंद्रावती के सर से खून बहने लगा तथा दो डंडा उसके दाहिने पैर की पिंडली में जोर-जोर से मारा तो वह चिल्लाते हुए बेहोश होकर गिर गई हम लोग बीच बचाव करने लगे तो मुझे भी दौड़ाया तब हम लोग वहां से अपने घर तरफ जाने लगे तो वह अपनी पत्नी का हाथ पकड़ कर घसीटते हुए अपने कमरा के अंदर ले जाकर जमीन पर लेटा दिया था। आज सुबह करीब 7 मुझे दुर्गेश मेरे घर आकर बताया कि मारपीट करने से मेरी पत्नी की रात में करीब 12:01 बजे मृत्यु हो गई है तब, मैं संतोषी बैगा राय सिंह एवं पड़ोस की रहने वाली रीनू गुप्ता वगैरा जाकर देखे तो वह मृत्यु हालत में वही पड़ी थी। उसकी मृत्यु दुर्गेश बैगा के द्वारा बांस के डंडा से मारपीट करने से तथा सिर व शरीर में चोट आने के कारण ही हुई है। मैं घटना की रिपोर्ट करने थाना आया हूं। थाना अमरकंटक में उक्त प्रकरण पर अपराध क्रमांक 112 /25 बी एन एस की धारा 103 (1) कायम कर विवेचना में लिया है हत्या के प्रकरण की विवेचना थाना अमरकंटक के नगर निरीक्षक एलबी तिवारी, उप निरीक्षक पी एस बघेल एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव के द्वारा की जा रही है। मृतिका के शव का पंचनामा तथा पोस्टमार्टम कराया जाकर परिजनों को सौंप दिया गया है पश्चात अंतिम संस्कार कर दिया गया। अभियुक्त दुर्गेश बैगा को त्वरित कार्यवाही कर पकड़ लिया है जिससे आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

### दिखावे तक सीमित पुलिसिया कार्यवाही

# पार्किंग अड्डे में तब्दील हुआ 10 करोड़ का मॉडल सड़क

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



नगर के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए शासन के द्वारा ढेड साल पहले बनिया टोला से केरहा नाला तक सीमेंट युक्त माडल सडक का निर्माण कार्य करवाया गया है। निर्माण के शुरुआती दिनों से ही यह सड़क विवादों से गिरी रही सड़क पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेद चढ़ गई रही सही कसर दुकानदारों ने पूरी कर दी है।

### अघोषित पार्किंग

केशवानी चौराहा से केरहा नाला तक दुकानदारों के द्वारा अपने वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा करते हुए नियमित रूप से पार्किंग का अड्डा घोषित कर दिया है। गहोई मिल के सामने से दुकानदारों के द्वारा चार पहिया एवं बड़े वाहन सहित पिकअप वाहन को आगे सड़क में खड़ा करते हुए पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है, वही मोटर गैरेज दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करते हुए रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है। सड़क में दो पहिया वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। सड़क पर ही भवन निर्माण सामग्री -केशवाही तिराहा से के रहा नाला के बीच बनी माडल सड़क मे ही भवन निर्माता के द्वारा निर्माण सामग्री रेत गिट्टी ईट छड को सड़क रखवा दिया जाता है। जिसके कारण एक और की सड़क का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

### दिखावे की कार्यवाही

विगत चार दिनों पहले हाइवे चौकी फुगना यातायात विभाग के द्वारा नगर की सड़कों पर अभियान चलाते हुए सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया था, लेकिन यह कार्यवाही सिर्फ दिखावा साबित होकर रह गई। उसके बाद यातायात विभाग के द्वारा मॉडल सड़क की सुध लेना ही उचित नहीं समझती है जबकि यातायात प्रभारी के मोबाइल पर अघोषित रूप से मॉडल सड़क पर खड़े बाहर की तस्वीर भी भेजी गई। उसके बाद भी कार्यवाही करना उचित नहीं समझ रहे हैं।

### क्या बडा घटना का इंतजाम

माडल सड़क को दुकानदारों के द्वारा अघोषित रूप से पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है साथ ही बड़े मालवाहक वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हुए सामान खाली करवाया जाता है जिसके कारण एक ओर से आने वाले वाहन नजर नहीं आते हैं जिसके कारण किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो जाएगी तब जाकर यातायात विभाग की नींद खुलेगी और ऐसे वाहन मालिकों एवं दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा।

# ऑन ड्यूटी पुलिस की वर्दी फाड़ने व मारपीट के तीन आरोपी धराये, दो फरार



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

कोतमा नगर के लहसुई गांव में 4 दिनों पूर्व जुआरी को पकड़ने गई पुलिस टीम के ऊपर हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद आकिब 23 एवं उसके परिजनों द्वारा बंधक बनाते हुए हमला कर दिया गया था साथ ही ऑन ड्यूटी पुलिस की वर्दी फाड़ने के साथ मारपीट भी किया गया। मामले में पुलिस ने संजीव त्रिपाठी एवं राम यादव की शिकायत पर मुख्य आरोपी मो आकिब उसके पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, चाचा मो मुईद, मो मुजीफ एवं बाके के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को घर में बंद करते हुए हमला किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी मच गई थी। पुलिस के साथ हाथापाई, वर्दी फाड़ने, शासकीय कार्य में व्यवधान डालने के साथ जान से मारने की धमकी दिए जाने के बाद पुलिस की कई टीम सक्रिय होकर लगातार अपराधियों की धरपकड़ में लगी रही। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के नेतृत्व में उप निरीक्षक अकबर खान एवं टीम के द्वारा मंगलवार को आरोपी मो आकिब पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी एवं मुजीब को लहसुई गांव में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। जिनसे फरार आरोपी मो मुईद एवं बाके के बारे में जानकारी ली जा रही है। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि आरोपी मो आकिब लहसुई का रहने वाला है जो गिरोह बनाकर कोतमा एवं कॉलरी क्षेत्रों में चैन स्नेचिंग, लूट एवं डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देता है। जिसके खिलाफ कोतमा एवं भालूमाड़ा थाना में आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। इसी प्रकार अन्य आरोपियों पर भी शासकीय जमीन कब्जाने, पशु तस्करी, चोरी, मारपीट सहित अन्य अपराध पंजीबद्ध है। ज्यादातर आरोपियों के बड़े अपराधिक रिकॉर्ड है जो आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### इनका कहना है

लगातार दबिश के बाद मुख्य आरोपी सहित 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। अन्य फरार आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे।

**रत्नांबर शुक्ला**
**थाना प्रभारी कोतमा**



# 86 आवेदनों पर कलेक्टर ने की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 86 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं तहसीलदारों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्यांए सुनी। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम लतार थाना भालूमाड़ा की श्रीमती पुनिया कोल ने बीपीएल कार्ड के तहत सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम खेतगांव तहसील पुष्पराजगढ़ के रमेश सिंह मरावी ने समग्र आईडी पोर्टल में नाम अद्यतन कराने, ग्राम क्योंटार तहसील जैतहरी के कमलेश कुमार ने ग्राम क्योंटार खर्राघाट से बेलहा मार्ग चांदपुर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत कराए जाने, वार्ड नं. 09 अनूपपुर निवासी दिनेश प्रसाद तिवारी ने पट्टे की भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम चिल्हारी तहसील अनूपपुर के गजराज कोल ने भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# विश्व रक्तदान दिवस: स्टेट बैंक के 33 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला मुख्यालय में स्थित स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी में भारतीय स्टेट बैंक अनूपपुर शाखा के तत्वाधान में आयोजित रक्तदार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय अनूपपुर के डॉक्टर तथा स्टॉपो का पूरे समय रक्तदान शिविर में उपस्थित रहे हैं, रक्तदान शिविर के दौरान लगभग 33 रक्त वीरों ने रक्तदान कर अपने रक्त वीर होने का दावा पेश किया है। पहली बार किया रक्तदान स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी में कार्यरत सृष्टि केसरवानी ने पहली बार रक्तदान कर लोगों को बतलाया कि हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा किसी भी प्रकार की बीमारी से बचा जा सकता है, उन्होंने बतलाया कि मुझे पहले डर लग रहा था, लेकिन रक्तदान करने से मुझे एहसास हुआ कि रक्तदान करने से अच्छा लगता है और रक्तदान कर किसी की जान भी बचाई जा सकती है। 59 साल की उम्र में पहली बार किया रक्तदान भारतीय स्टेट बैंक के सीनियर गार्ड के पोस्ट पर कार्यरत सूर्य प्रताप सिंह लगभग 59 साल में पहली बार रक्तदान कर लोगों को जागरूक किया है कि मनुष्य की उम्र जरूर घटती है, लेकिन वह बुड्ढा नहीं होता है, कहते हैं कि हर चीज का एक समय होता है, लेकिन मैंने यह नहीं माना और मैंने रक्तदान किया, और मुझे रक्तदान कर अच्छा लगा, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप सभी रक्तदान करें। जिससे लोग रक्तदान के प्रति जागरूक हो रक्तदान है महादान- सभी लोगों ने रक्तदान करते हुए लोगों को एहसास नहीं होने दिया कि, रक्तदान करने से शरीर कमजोर हो बराबर और रक्तदान करने आए लोगों को जागरुक करते रहे, जिससे अधिक से अधिक रक्तदान हो सका वहीं विश्व रक्तदान शिविर आयोजन को सफल बनाने में यह सभी लोगों का विशेष योगदान रहा है, विश्व रक्तदान शिविर के दौरान मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके वर्मा, डॉ एस सी राय, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन भाई लाल पटेल सहित भारतीय स्टेट बैंक सेभारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक नवीन कुमार, लेखापाल अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष, अमित, रंजीत राय, मंगल सिंह दीपक पटेल, मुनेन्द्र प्रसाद एवं शाखा के स्टाफ उपस्थित रहे हैं।

### शिव मारुति युवा संगठन ने कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से गाय का किया सुरक्षित रेस्क्यू



अनूपपुर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 लाल दास गोल्ड पैलेस के पीछे बाबा कॉलोनी में कुएं में गिरी गाय शाम 7 बजे सूचना मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर की टीम ने तत्काल पहुंच कर संगठन के सदस्यों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एनडीआरफ की टीम एवं नगर पालिका के सहयोग से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार किया गया। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों द्वारा मौके पर पहुंच कर राहुल अग्रहरि, इशांक केशरवानी, प्रदीप सिंह श्याम, सुशील राठौर, मनीष राठौर, अंश गुप्ता, संगठन के सभी सदस्य एवं जेसीबी चालक गोपाल राठौर और एनडीआरफ के कर्मचारियों का विशेष सहयोग द्वारा गौमाता को सही सलामत बाहर निकाला गया और यह 3 घंटे का विशेष रेस्क्यू किया गया। इस कड़ी मेहनत और सफलतापूर्वक कार्य के लिए संगठन के उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरि ने अपनी टीम शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों और सभी जन मानस को धन्यवाद ज्ञापित किया।